प्रादेशिक समाचार

23.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए क्यूआर कोड शिकायत प्रणाली और बेहतर प्रबंधन के दिए दिशा–निर्देश।

2. खूंटी के जिबलौंग में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पीएम श्री कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया शिलान्यास, कहा – विद्यार्थियों के भविष्य के लिए दी जाएगी बेहतर सुविधाएं।

3. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को निष्क्रिय करने का लगाया आरोप, कहा– वर्त्तमान सरकार में सुनियोजित साजिश के तहत प्रशासन विफल।

4. मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चार आरोपी गिरफ्तार, रामगढ़ में भी 25 किलो मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार ।

5. आईपीएल क्रिकेट में आज रॉय़ल चैलेंजर्स बैंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज श्रावणी मेला की तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। बाबा बैद्यनाथ धाम–बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के साथ आयोजित इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने मेला रूट में खाली जमीन का उपयोग विश्राम गृह और शौचालय के लिए करने और भीड़ नियंत्रण तथा यातायात प्रबंधन को कड़ाई से लागू करने को कहा। उन्होंने क्यूआर कोड आधारित शिकायत प्रणाली शुरू करने के भी निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

********************

खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड के जिबलौंग में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का शिलान्यास किया। लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पांच एकड़ भूमि पर इस विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालय भवन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।

********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को निष्क्रिय बनाने का आरोप लगाया है। एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि लोकायुक्त, महिला आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग और उपभोक्ता फोरम जैसे संस्थाओं में वर्षों से नियुक्तियां नहीं हुई हैं। श्री मरांडी ने दावा किया कि महिला आयोग में पांच हजार से अधिक मामले लंबित हैं और कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा। उन्होंने इसे प्रशासनिक विफलता बताते हुए सुनियोजित साजिश करार दिया।

********************

चतरा जिले में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन और मनरेगा के सहयोग से अब चार हजार दो सौ छत्तीस नए कुओं का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को सौ दिन का रोजगार भी मिलेगा। इस योजना के तहत लाभार्थियों को पचास हजार रुपये राज्य योजना से और शेष राशि मनरेगा से दी जाएगी।

********************

राज्य में मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रांची पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। रांची के वरिय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने तीन युवक और एक युवती को गिरफ्तार कर 110 ग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया है।
इधर रामगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बिहार के दो तस्करों को पतरातू रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 25 किलो 70 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि टीम बनाकर चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

********************

गोड्डा जिले के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मिल्की मशरूम उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन रही हैं और अच्छी आमदनी कर रही हैं।

********************

संक्षिप्त खबरें–

- लोहरदगा के जनवल गांव में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की ओर से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक गौरव सिंह ने लोगों से बैंक से जुड़ने और किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा, ऋण और पेंशन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।
- चतरा जिले में बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना के तहत 1600 एकड़ भूमि पर आम के पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पौधों की देखभाल पर तीन वर्षों तक सहायता राशि और सिंचाई के लिए मनरेगा से कुएं उपलब्ध कराए जाएंगे।
- गुमला जिले के विभिन्न पंचायतों में जिला प्रशासन ने एक गैर सरकारी संस्था के सहयोग से एक दिवसीय समर कैंप आयोजित किया। इस कैंप में बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों के साथ–साथ फाइलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता भी प्राप्त की।

********************

मौसम

राज्य में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रांची में तापमान गिरकर 30 डिग्री और पलामू में 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग ने 28 मई तक राज्य में बारिश, गरज, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

********************

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच लखनऊ में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

******समाप्त*******